जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिथौरागढ़, डीडीहाट
District Institute of Education and Training
E-mail: dietdidihat123@gmail.com

डी0ए0आर0जी0 विज्ञान

प्रतिभागियों की संख्या – 30

क्षेत्र – जनपद के समस्त विकासखण्ड के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक के शिक्षक।

दिनांक 18 अगस्त 2023 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिथौरागढ़, डीडीहाट में जिला अकादमिक सन्दर्भ समूह की विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 30 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला के लक्ष्यों के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी गई तथा कार्यशाला की शिक्षा में उपयोगिता के विषय में बताया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान विषय को रूचिकर एवं सरल बनाने का प्रयास करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सहायता से जूनियर स्तर पर कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों में विज्ञान की समझ विकसित करने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों के द्वारा NCERT पुस्तकों से पाठ का चयन कर सम्बन्धित गतिविधियों का निर्माण किया गया। विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा पैरिस्कोप की कार्यप्रणाली, प्राथमिक कक्षाओं में ई0वी0एस0 में भोजन की बच्चों में समझ विकसित करने, सन्तुलित भोजन तथा फूड चैन, भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तनों की पहचान करने एवं प्रकाश का वर्ण विक्षेपण गतिविधि आदि विषयों में अपने अनुभव साझा किये गये।

उपलब्धि –जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिथौरागढ़, डीडीहाट में दिनांक 18.08.2023 को एक दिवसीय डी0ए0आर0जी0 विज्ञान का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 के विज्ञान विषय में न्यूनतम उपलब्धि स्तर से सम्बन्धित सम्बोधों पर चर्चा–परिचर्चा की गई ।

भविष्य के लिये कार्ययोजना – भविष्य में कक्षा 9 एवं 10 से सम्बन्धित विभिन्न जटिल सम्बोधों को भी कार्ययोजना में सम्मिलित किया जायेगा एवं कार्यशाला की अवधि 3 से 5 दिन की जायेगी।